स्थानीय परिषदों के लिए MBDD Corporate Connections दिशा-निर्देश – कॉर्पोरेट सहयोग हेतु अभियान (15 जुलाई से 15 अगस्त)

**Note -** MBDD की सफलता के लिए Corporate क्षेत्र का जुड़ना उतना ही आवश्यक है जितना लोकल लेवल पर सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन, व्यापारी वर्ग, सामान्य नागरिक का जुड़ाव हो।

**परिचय :**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (ABTYP) द्वारा आयोजित "मेगा रक्तदान अभियान (MBDD - रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0)" का विस्तार अब स्थानीय क्षेत्रों में फैक्ट्रियों व कॉर्पोरेट परिसरों तक किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा, जिसमें परिषदों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने क्षेत्र के कॉर्पोरेट संस्थानों एवं फैक्ट्रियों से संपर्क करें और 17 September 2025 को आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन अभियान को सफल बनाने हेतु उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करें।

**कॉर्पोरेट हाउस और फैक्ट्री में अंतर :**

- कॉर्पोरेट हाउस – यह मुख्यतः बड़े व्यवसायिक समूह होते हैं जिनका कार्यालय (Head Office / Regional Office) शहरी क्षेत्रों में स्थित होता है और जहाँ श्वेतपोश (white-collar) कर्मचारी कार्यरत होते हैं।
- स्थानीय फैक्ट्री / यूनिट – ये उत्पादन इकाइयाँ होती हैं जहाँ श्रमिक, तकनीशियन व ब्लू-कॉलर वर्कर कार्य करते हैं। ये अक्सर औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित होती हैं।

**लक्ष्य :**

- रक्तदान में भागीदारी: फैक्ट्री/कॉर्पोरेट कर्मचारियों को रक्तदान में शामिल करवाना।
- स्थान उपलब्धता: उनके परिसर में रक्तदान शिविरों का आयोजन करवाना।
- CSR सहयोग: ABTYP के साथ मिलकर CSR बजट के माध्यम से जनजागरूकता अभियान और ब्रांड वैल्यू में वृद्धि हेतु कार्य करना।

**कार्यान्वियन हेतु दिशा-निर्देश :**

1 कॉर्पोरेट/फैक्ट्री की पहचान करें :

- अपने क्षेत्र के उद्योग समूहों, फैक्ट्रियों, MNCs, बैंक, बीमा कंपनियाँ, IT फर्म्स, अस्पताल आदि की सूची तैयार करें।
- HR/CSR विभाग या निर्णय लेने वाले अधिकारी की जानकारी एकत्र करें।

**2. संपर्क करें व प्रस्तुतिकरण दें :**

- एक औपचारिक पत्र या ईमेल के माध्यम से ABTYP के मिशन और MBDD की जानकारी दें। (MBDD CSR team के पास समस्त Documentation तैयार है उनसे संपर्क करें)
- व्यक्तिगत भेंट के लिए समय माँगें और उन्हें निम्न बातों के लिए आमंत्रित करें:
- कर्मचारियों की रक्तदान में भागीदारी
- संस्था परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन
- CSR के माध्यम से सहयोग (लॉजिस्टिक्स, प्रचार सामग्री, सुविधा आदि)

**3. संयुक्त आयोजन योजना बनाएं :**

- संभावित तिथि, समय, स्थान और आवश्यकताओं की सूची तैयार करें।
- ब्लड बैंक के साथ समन्वय कर आयोजन सुनिश्चित करें।
- यदि संभव हो, तो उन्हें शिविर के सह-आयोजक के रूप में प्रचारित करें जिससे उनकी ब्रांड छवि भी बेहतर हो।

**4. प्रचार व सोशल मीडिया कवरेज :**

- आयोजन की फोटो, वीडियो, बैनर, पोस्टर को सेन्ट्रल टीम से साझा करें।
- कॉर्पोरेट संस्थान को टैग करें और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करें।

**5. रिकॉर्ड अपडेट प्रक्रिया :**

- स्थानीय परिषद अपने-अपने क्षेत्र में कॉर्पोरेट कनेक्शन कर संबंधित जानकारी एकत्रित करें।
- एक Google Form का लिंक साझा किया जाएगा जिसमें सभी परिषदों को अपने प्रयासों और संपर्कों से संबंधित रिकॉर्ड अपडेट करना होगा।
- यह रिकॉर्डिंग आगामी समन्वयन एवं विश्लेषण के लिए आवश्यक है।

**निष्कर्ष :**

स्थानीय परिषदों से अपेक्षा है कि वे इस अभियान को मिशन मोड में लेकर चलें और अधिक से अधिक कॉर्पोरेट एवं फैक्ट्री संस्थानों को इस सामाजिक कार्य से जोड़ें। यह अभियान न केवल जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि हमारे संगठन की सामाजिक भूमिका को भी उजागर करता है। अधिक से अधिक corporates से जुड़ने के लिए विशेष रेटिंग्स का भी प्रावधान है।

## : Contacts :

**MBDD Prabhari**
Hitesh Bhandia
98292 98364

**MBDD Sah Prabhari**
Saurabh Patawari
98251 41911

**ABTYP MBDD CSR Team**
Navin Sankhala
98200 92629

Jai Choraria
80179 43066

Arush Bothra
98115 14724

**Every drop of BLOOD is like a breath for someone! Donate blood...**

# RAKTDAN
AMRIT MAHOTSAV 2.0

**World's Biggest**
*Blood Donation Drive*

**17th Sep 2025**